डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

| वर्ष 19 | अंक 216 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 23 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया |
|---|---|---|---|---|---|




## जिले में जलवा बिखेर रही कूरजर कैटेगिरी

### वित्तीय वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा बिकी, 100 सीसी बाइक की जगह ली 150-650 सीसी टू व्हीलर ने



**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** समय के साथ आ रहे बदलाव से सरकार और परिवहन विभाग को राजस्व का अच्छा खासा फायदा हो रहा है। हम बात कर रहे हैं मोटरसाइकलों की। बीते 05 सालों में जिला परिवहन कार्यालय में मिडिल क्लास की पहली पसंद 100 सीसी वाहनों का रजिस्ट्रेशन ग्राफ 34 फीसदी तक गिर गया है। ये एक दशक पहले 92 प्रतिशत था और अब घटकर 55 पर आ चुका है। हालांकि इन वाहनों की जगह अब कुरजर कैटेगरी ने ले ली है, जिसमें हार्ले डेविडसन, रॉयल एनफिल्ड, जावा, येजदी समेत अन्य कंपनियां हैं जो 150 से 650 सीसी कैटेगरी वाले वाहन बना रही हैं। बदली व्यवस्था से सरकार के साथ परिवहन कार्यालय का रेवेन्यू भी बढ़ा है। क्योंकि महंगे दामों वाले कुरजर वाहनों का रोड टैक्स कीमत के आधार पर लगता है। वित्तीय वर्ष 2025 पर नजर डाले तो अब तक के सालों में सबसे ज्यादा पसंद कूरजर कैटेगिरी की रही है।

### यह कहता है परिवहन विभाग का आंकड़ा...

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला परिवहन कार्यालय में रजिस्टर्ड टू-व्हीलर की संख्या 9211 तक रही थी। इसमें से 3148 बाइक 150 सीसी से लेकर 650 सीसी तक शामिल रही। हालांकि, इसमें भी 90 फीसदी संख्या अधिकतम 350 सीसी तक रही है। जिनमें रॉयल एनफिल्ड, जावा, अपाचे, एवेंजर, पल्सर जैसे अपडेट मॉडल भी शामिल हैं। वहीं ई-भक्षक में टीवीएस और बजाज के अलावा अन्य कंपनियों के ई वाहन का चलन भी तेजी से बढ़ा है। कई कंपनियां 05 साल तक बैटरी के रखरखाव की जिम्मेदारी भी ले रही है। ऐसे में लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। इससे पहले 2019-2020 से मई 2024 तक 05 सालों में 39 हजार 533 टू-व्हीलर रजिस्टर्ड हुए। इनमें से 34 फीसदी संख्या यानी 13 हजार 441 वाहन क्रूजर कैटेगरी (अधिकतम 650 सीसी) की है। जबकि, शेष 66 फीसदी संख्या 26 हजार 92 अब भी 100 से 125 सीसी हैं। जो माइलेज अधिक देते हैं। इनमें से ज्यादातर रजिस्ट्रेशन जिला परिवहन मुख्यालय मंदसौर में हुए। वहीं सीमित अनुपात में शामगढ़, सीतामऊ पिपलियामंडी, दलौदा, गरोठ जैसे एरिया में भी कुरजर वाहन चलन में है।

### दस साल तक था 100 सीसी का राज...

खास बात ये है कि परिवहन विभाग में 2009 से 2019 तक 10 सालों में रजिस्टर्ड 92 फीसदी टू-व्हीलर 100 से 125 सीसी के थे। केवल 08 फीसदी हैवी कैटेगरी में रहे। बाद में नई तकनीक और नए मॉडल आए तो 2019-20 से मई 2024 के बीच 100 से 125 सीसी वाले टू-व्हीलर वाहनों का रजिस्ट्रेशन 34 फीसदी घटकर 92 फीसदी के बजाय 58 फीसदी पर आ गया। ये घटी संख्या कूरजर कैटेगिरी में दर्ज हो गई।

### क्या कहते हैं जानकार...

इस मामले में वाहन मैकेनिक सहित वाहनों के बारे में जानकारी रखने वालों से हमने बात की। जिसमें उन्होंने बताया कि वाहनों के इंजन परफॉर्मेंस के एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले 05 सालों में टेक्नोलॉजी इस कदर अपग्रेड हुई है कि 350 से 650 सीसी जैसे हैवी कैटेगरी वाहनों में भी पावर, माइलेज और बेहतर परफॉर्मेंस आने लगी है। पहले के मुकाबले कंपनियां कॉम्पीटिशन के चलते कई टेस्टिंग के बाद मॉडल उतारती हैं। साथ ही बीएस-6 इंजन में भी लगातार बदलाव किया जा रहा है।

### पंजीकृत संख्या एक नजर में कुल रजिस्टर्ड...

| साल | कुल | रजिस्टर्ड कूरजर कैटेगिरी |
|---|---|---|
| 2019-20 | 8849 | 2992 |
| 2020-21 | 8714 | 284 4 |
| 2021-22 | 8921 | 2970 |
| 2022-23 | 9104 | 314 1 |
| 2024-25 | 9211 | 3926 |

(इसमें इलेक्ट्रिक, फोर व्हीलर अन्य भारी वाहन शामिल नहीं है)

# उम्मीद इस बार भी कायम



## दो से तीन माह में मांग पर मुहर की संभावना, साढ़े चार साल से अधूरा हॉकी मैदान के सिंथेटिक ट्रैक का सपना

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय विद्यालय के समीप की भूमि पर अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप तैयार हो रहे खेल प्रशाल में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के आसपास की भूमि पर एथलेटिक्स के लिए 400 मीटर के सिंथेटिक ट्रैक बनाने की पहल करीब साढ़े साल पहले हुई थी। लेकिन, मंजूरी अब तक नहीं मिली है। मंदसौर से चला प्रस्ताव दिल्ली तक तो पहुंचा। लेकिन, वहां से हरी झंडी मिलने का इंतजार पूरा नहीं हो पाया। अभी भी अधिकारियों को उम्मीद है कि दो से तीन माह में मंदसौर की इस मांग पर मुहर लग सकती है। जो प्रस्ताव बनाकर दोबारा भेजा गया था। उस पर सकारात्मक संकेत मिले हैं। बता दे कि यह सुविधा मिलने का इंतजार है। खेलो इंडिया योजना के तहत प्रदेश के चुनिंदा जिलों में ट्रैक तैयार होना है। मंदसौर जिले को भी इसमें शामिल करने के प्रयास जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने किए थे। सिंथेटिक ट्रैक पर 10 करोड़ की लागत का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। मंदसौर में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों द्वारा लंबे समय से सुव्यवस्थित सिंथेटिक ट्रैक की मांग की जा रही है। वर्तमान में करीब 50 खिलाड़ी प्रतिदिन कॉलेज मैदान में प्रेक्टिस कर रहे हैं। सुविधाएं नहीं मिलने से कई खिलाड़ी लंबे समय तक प्रेक्टिस जारी नहीं कर रख पा रहे हैं। लेकिन, मैदान पथरीला होने के कारण एथलेटिक्स खिलाड़ी को जितनी प्रेक्टिस करना होती है, वह भी नहीं हो पा रहा है। पुलिस, सेना या अन्य भर्तियों के दौरान कॉलेज मैदान में लगभग 300 से अधिक युवा पहुंचते हैं। परेशानियों को देखते हुए चार साल पहले मंदसौर में सिंथेटिक ट्रैक की पहल हुई थी। केंद्रीय विद्यालय के समीप हॉकी के लिए बन रहे एस्ट्रोटर्फ मैदान के आसपास की भूमि को सिंथेटिक ट्रैक के लिए पर्याप्त मानते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने खेलो इंडिया योजना में मंदसौर में भी सिंथेटिक ट्रैक के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा। प्रस्ताव दिल्ली तक पहुंचा। लेकिन, बात नहीं बन पाई। तकनीकी खामियों के कारण प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिल सकी। कुछ तकनीकी खामियां राह में रोड़ा बनी। इसके बाद छह माह पहले फिर से प्रस्ताव भेजा गया। अब उम्मीद है कि दो-तीन माह में इसकी स्वीकृति मिल सकती है।

# सड़क बदनाम हुई... मनोहर तेरे लिए...

## डीआईजी बोले-पुलिस करेगी कार्रवाई, सोशल मीडिया पर छाया रहा मुद्दा

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर भाजपा नेता का कथित वीडियो सोशल मीडिया व्हाटसएप पर निजी चैट पर लेन-देन के साथ ही सोशल मीडिया पर लोगों के कमेंट्स के माध्यम से जमकर सुर्खियों में है। दूसरे दिन भी इसी चीज की चर्चा चलती रही। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि मामला एक्सप्रेस वे या गरोठ-उज्जैन फोरलेन जैसे सार्वजनिक स्थान का है। जहां दुर्घटनाओं के साथ कई अपराधिक घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस भी इसको लेकर गंभीर है। यही कारण है कि वीडियो सामने आने के बाद डीआईजी मनोज कुमार सिंह ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही है।मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।



मंदसौर में भाजपा नेता मनोहर धाकड़ का एक कथित अश्लील वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे या गरोठ-उज्जैन फोरलेन पर एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मंदसौर के बनी गांव के रहने वाले मनोहर धाकड़ की पत्नी वार्ड क्रमांक-8 से जिला पंचायत सदस्य है। 13 मई की रात के इस वीडियो में मनोहर धाकड़ सड़क पर खड़ी सफेद बलेनो कार क्रमांक एमपी-14-सीसी4782 में एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। बुधवार से उनका एक अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए जगह-जगह लगाए गए हाई सिक्योरिटी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है। वीडियो इतना आपत्तिजनक और अश्लील है कि हम न तो आपको वो दिखा सकते हैं और न ही बता सकते हैं।

### इनका कहना...

एक कथित वीडियो वायरल हो रहा है। संभवत: वीडियो ऐटलेन का है। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर इस तरह का कृत्य नींदनीय है। आगे जाकर मामला सीरियस हो सकता है। इसलिए इस तरह की घटनाओं को लेकर सख्त कदम उठाए जाएंगे। वीडियो कहां का है, इसे चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस इसमें आगे कार्रवाई करेगी।

**मनोज कुमार सिंह**
**डीआईजी रतलाम रेंज**

मामले की जांच की जा रही है। अगर वीडियो में दिख रहा व्यक्ति मनोहर धाकड़ ही निकला तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

**राजेश दीक्षित**
**जिलाध्यक्ष, भाजपा मंदसौर**

वीडियो शर्मसार कर देने वाला है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए, भाजपा को मनोहर धाकड़ जैसे नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

**विपीन जैन, अध्यक्ष जिला**
**कांग्रेस व विधायक मंदसौर**

## शादी में गए व्यक्ति को पीटा

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में भाई सहित दो पर केस दर्ज हुआ। चंदनखेड़ा निवासी कारुलाल पिता मांगीलाल पंवार ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दोनों बेटियों के साथ बडे भाई लालसिंह के यहां शादी में गया था। जहां लालसिंह के बेटे विजय उर्फ नानकिया व छोटे भाई मुकेश पिता मांगीलाल पंवार ने बोला कि तू शादी में कैसे आया। दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

# ऑनलाइन ठगी पर पुलिस की कार्रवाहीं, चार महिने में सात लाख वापस कराऐ

## पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने चलाया अभियान

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** ऑनलाइन ठगी का शिकार होने वाले लोगों की बढ़ती संख्या के बीच राहत भरी खबर है कि पुलिस अब इस तरह ठगी करने वाले आरोपियों तक पहुंचने लगी है। मंदसौर पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने कार्रवाहीं करते हुए चार महिने में करीब सात लाख रूपऐ की राशि फरियादियों को वापस करवाई है।



यह जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि श्री अभिषेक आनंद की अगुवाई में पुलिस की सायबर सेल लगातार ऑनलाइन फायनेन्शियल ठगी की घटनाओं को लेकर सख्त है। पुलिस ऑनलाईन धोखाधड़ी का शिकार हुए मोहसीन शेख पिता दाउद हुसैन निवासी ग्राम रिंगनोद थाना रिंगनोद तहसील जावरा जिला रतलाम से 16 अगस्त 24 को ठगी गई 99 हजार रू, 07 अप्रेल 2025 आवेदक नदीम अहमद नियारगर निवासी गोल चौराहा नई आबादी मन्दसौर से 02 लाख रूपऐ, 13 दिसम्बर 24 को आवेदक विष्णुदास पिता श्यामदास बैरागी निवासी टीआईटी काम्प्लेक्स मन्दसौर से 38 हजार रूपये, रोहित शर्मा निवासी जगतपुरा मंदसौर को 28 हजार 600 रूपये, अनुपम पिता विजय कुमार जैन निवासी नई आबादी मन्दसौर को 02 लाख रूपए, रिषभ जैन पिता नरेन्द्र कुमार जैन निवासी जनता कालोनी मन्दसौर को 01 लाख 35 हजार रूपये की राशि बैंक खाते फ्रीज करवाकर वापस लौटाई। इस प्रकार सायबर सेल द्वारा ऑनलाईन वित्तीय फ्राड की शिकायतो पर त्वरित कार्रवाई कर विभीन्न प्रकरणों में कुल सात लाख रूपये की राशी फरियादियों को दिलवाने में सफलता प्राप्त की।

## खेत से लौटते समय ट्रैक्टर पलटा, किसान की मौत

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के पिपलोन गांव में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे ने परिवार को झकझोर दिया। खेत से पानी का टैंकर लेकर लौट रहे 30 वर्षीय किसान कारू लाल नायक की मौत हो गई। उनके साथ मौजूद 09 वर्षीय बेटा भूपेश घायल हो गया। घटना के समय कारूलाल ट्रैक्टर पर पानी का टैंकर लेकर खेत से घर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर भी उनके ऊपर गिर गया। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबे में फंसे पिता-पुत्र को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस की टीम ने दोनों को बड़े अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने कारू लाल को मृत घोषित कर दिया। भूपेश का इलाज जारी है। उसकी स्थिति अभी स्थिर नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर का अनियंत्रित होना दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## मध्य जून में एमपी प्रवेश करेगा मानसून

**भोपाल, 22 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में इस वर्ष मानसून तय समय से पहले दस्तक दे सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिमी मानसून के 24-25 मई के बीच केरल पहुंचने की संभावना है। जबकि मध्य प्रदेश में यह माह के मध्य अर्थात 15 जून या उससे पहले भी आ सकता है। वर्तमान में प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियों की शुरुआत हो चुकी है, जिससे अगले पांच दिनों तक कई जिलों में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना जताई गई है।**

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के अनुसार अरब सागर में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात सक्रिय है, जो गुरुवार तक कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है। जिससे शुक्रवार को मौसम में एक बार फिर परिवर्तन हो सकता है। उसके साथ ही पंजाब के पास भी ऊपरी हवा में एक चक्रवात बना हुआ है, जिससे निकलने वाली पूर्व-पश्चिम द्रोणिका (ट्रफ लाइन) हरियाणा, उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम होते हुए बांग्लादेश तक फैली हुई है। इन प्रणालियों का संयुक्त असर प्रदेश के मौसम पर दिखने लगा है।

# पिपलिया मंडी के युवक की हरियाणा में हुई थी हत्या, प्रतापगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा

**पिपलिया मंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी के एक युवक की हरियाणा के हिसार में हुई हत्या के मामले में राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या लेन-देन को लेकर की गई थी।

युवक की छह माह पूर्व प्रतापगढ़ में गुमशुदगी दर्ज हुई थी। प्रतापगढ़ एसपी विनीत कुमार बंसल ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में हत्याकांड का खुलासा किया। एएसपी परबतसिंह, आरपीएस उप पुलिस अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के मार्गदर्शन में प्रतापगढ़ थाना प्रभारी लक्ष्मणलाल ने मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है, हत्याकांड में और भी आरोपी शामिल हो सकते है। इसको लेकर पुलिस जांच जारी है। पिपलियामंडी निवासी दिलखुश पिता कैलाश नायक ने 27 नवम्बर 2024 को प्रतापगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि कच्ची बस्ती प्रतापगढ़ में रानू पिता पन्नालाल डिडोर के यहां मेरा भाई आकाश पिता कैलाशचंद नायक गया था। आकाश से 15 नवम्बर 2024 को मोबाइल पर बातचीत हुई थी, उसके बाद बात नही हुई। 15 दिसम्बर 2024 को प्रतापगढ़ निवासी रानू ने व्हाटसएप कॉल करके कहा की आपका भाई 22 नवम्बर 2024 से लापता है और उसका मोबाइल भी नहीं लग रहा है, बंद बता रहा है। रानू ने मुझे कहा कि आपका भाई हिसार हरियाणा की बोलकर यहां से गया था। रानू के अनुसार 23 व 24 अक्टूबर को आकाश से बात हुई थी। उसने यह कहा था कि मैं हिसार पहुंच गया हूं। उसके बाद कोई फोन नहीं आया। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरु की।



पुलिस टीम द्वारा काफी तलाश के बावजूद गुमशुदा आकाश नायक का कोई सुराग नही मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने वृताधिकारी प्रतापगढ को मामले में गुमशुदा आकाश की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिये। वृताधिकारी प्रतापगढ ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन में गुमशुदा आकाश नायक केपरिजनों व मित्रो से गहन पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात हुआ कि गुमशुदा आकाश गुम होने से ठीक पहले हिसार (हरियाणा) निवासी मांगेराम मलिक नाम के व्यक्ति के निरन्तर सम्पर्क में था तथा उसकी मोबाईल की लास्ट लोकेशन भी हिसार में होकर वही होना पाया गया है। जिस पर पुलिस टीम को हिसार भेजा गया। पुलिस टीम संदिग्ध मांगेराम मलिक को साथ लेकर प्रतापगढ पहुंची। जिससे गहन पूछताछ की गई तो मांगेराम ने योजनाबद्ध तरीके से प्रतापगढ से हिसार बुलाकर आकाश के सिर में पीछे से राड से वार कर उसे नहर के बहते पानी में फेंक कर हत्या कर देने की बात स्वीकार की। मामले में प्राप्त तथ्यों व मांगेराम के बयानों के आधार पर गुमशुदा आकाश की हिसार में हत्या होना व हत्या कर सबूत मिटाने के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। अभियुक्त मांगेराम को प्रकरण में गिरफ्तार कर घटना के कारणों के संबंध मे पूछताछ की जाकर अनुसंधान जारी है। हत्याकांड में आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम में उप निरीक्षक लक्ष्मणलाल, प्रधान आरक्षक कृष्णलाल, आरक्षक जोगाराम, मनोज, हरिराम, मुकेश, साइबर सेल के अरविन्दसिंह, पंकज पाटीदार आदि की भूमिका रही।

## मंदसौर- झालावाड़ के युवक इंदौर में ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

**इंदौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** काले सोने के लिये कुख्यात माने जाने वाले मंदसौर में मादक पदार्थो का नेटवर्क किस तरह फेला हुआ है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर में मंदसौर का युवक ड्रग के साथ गिरफ्तार हुआ, इसके साथ राजस्थान के झालावाड समेत इंदौर के युवको को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

जानकारी के मुताबिक इंदौर की क्राइम ब्रांच ने 53.96 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान त्रिवेणेश्वर मंदिर के सामने पत्थर गोदाम रोड इंदौर में संदिग्ध कार दिखी। जिसमें चार व्यक्ति सवार थे। चारों पुलिस को देख कर घबराने लगे। पुलिस ने ईशान खान उम्र 24 वर्ष निवासी जिला झालावाड़ राजस्थान, शाहनवाज उम्र 27 वर्ष निवासी छत्रीपुरा मेन रोड इंदौर, नायब शाह उम्र 23 वर्ष निवासी लाबरिया भेरू चौराहा इंदौर, चितरंजन सिंह राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी जिला मंदसौर को हिरासत में लिया।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 8/22 के तहत पंजीबद्ध किया। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या, बेटा घायल

**मनासा, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम कड़ी खुर्द गांव में एक शख्स ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। आरोपी जितेंद्र बंजारा ने पत्नी आशा बाई पर कुल्हाड़ी से हमला किया। मां की चीखें सुनकर बचाने आए बेटे पर भी उसने वार कर दिया। 36 वर्षीय आशा बाई की मौके पर ही मौत हो गई। घायल बेटे को नीमच के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुकड़ेश्वर पुलिस ने गुरुवार दोपहर मृतका का पोस्टमॉर्टम कराया। 40 वर्षीय आरोपी जितेंद्र बंजारा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में वारदात की वजह घरेलू विवाद सामने आया है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## चकमा : वकील की टेबल से रुपए चोरी

### पानी पीने गया था पीड़ित, लौटा तब तक 1.70 लाख रुपए ले गया बदमाश

**मनासा, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय परिसर में एक चोरी की वारदात होना सामने आया है। गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे के करीब एक व्यक्ति का बैग चोरी हो गया। जिसमें 01 लाख 70 हजार रुपए रखे थे। विक्रम गुर्जर सुबह प्रयास क्रेडिट को आपरेटिव सोसायटी से 01 लाख 75 हजार रुपए निकालकर लाया था। इनमें से 05 हजार रुपए अपनी जेब में रखे और बाकी रुपए बैग में रखकर न्यायालय पहुंचा। वह यह राशि अपने मौसी के लड़के अधिवक्ता राकेश गुर्जर को देने आया था। दरअसल राकेश बैंक गए होने के कारण विक्रम को इंतजार करना पड़ा। विक्रम ने रुपयों वाला बैग वकील की टेबल पर रखा और पानी पीने चला गया। इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति बैग लेकर फरार हो गया। जब विक्रम वापस आया तो बैग गायब था। उसने तुरंत मनासा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने न्यायालय परिसर और आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। लेकिन, सभी कैमरे बंद मिले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज बदमाश की तलाश शुरु कर दी है।

## फिर शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा, जानें क्या है रूट

**नई दिल्ली, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम के माध्यम से कैलाश मानसरोवर के यात्रियों के नामों की घोषणा की है। जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों के 05 जत्थे रवाना होंगे। कोविड और भारत-चीन संबंधों में विरोध के चलते 2019 में यह यात्रा बंद कर दी गई थी। इसे फिर शुरू करने की सहमति अक्टूबर 2024 में बनी थी।

पांच वर्ष बाद इस साल जून से एक बार फिर भारतीय तीर्थयात्री मानसरोवर की यात्रा पर जा सकेंगे। इस बारे में चीन और भारत के बीच पहले से ही बनी सहमति के बाद बुधवार को विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम के जरिए सौभाग्यशाली यात्रियों के नामों की घोषणा की।

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों का कुल 15 जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होगा। इनमें से 50-50 के पांच यात्री जत्थे लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर जाएंगे, जबकि 50-50 यात्रियों के 10 जत्थे अलग-अलग समय नाथु ला रूट से रवाना होंगे। यह भी बताया गया है कि दोनों मार्ग काफी हद तक कार से जाने लायक बना दिए गए हैं। इसलिए यात्रियों को बहुत ही कम यात्रा पैदल करनी होगी।

**लॉटरी सिस्टम से निकाले नाम...**

यहां एक कार्यक्रम में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्द्धन सिंह ने चयनित यात्रियों के नाम लॉटरी सिस्टम के जरिए निकाले। विदेश मंत्रालय का दावा है कि लाटरी प्रणाली कंप्यूटर आधारित है, जो पूरी तरह पारदर्शी है।




**फैक्ट फाईल...**

❇ इस साल कुल 5561 यात्रियो ने पंजीयन कराया था। ❇ इनमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थी। ❇ इनमें से 750 यात्रियो का लाटरी से चयन किया गया।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान में निकाली 254 ट्राली जलकुंभी व गाद

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जागरूक विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर चल रहे शिवना शुद्धिकरण को लेकर जागरूक नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिदिन श्रमदान करने बडी संख्या में नागरिक शिवना तट पर आ रहे है तथा दो घण्टे अपना पसीना बहाकर नदी को साफ व स्वच्छ कर रहे है। 22 वे दिन 9 ट्राली जलकुंभी निकाली गई। अभी तक 22 दिनों में 254 ट्राली जलकुंभी व गंदगी शिवना नदी से निकाल दी गई है। यह अभियान निरंतर चालू रहेगा।



गुरूवार को श्रमदान करने हेतु विधायक विपिन जैन, नया गुजराती लोहार समाज मंदसौर से मोहनलाल लोहार, ओमप्रकाश लोहार, सुरेन्द्र चौहान, रतनलाल चौहान, किशोर लोहार, शिवलाल लोहार, अजय लोहार, गोपाल लोहार, सुनील लोहार, सत्यनारायण लोहार, कमलेश लोहार, नंदकिशोर लोहार, संस्था बी.आर. फाउण्डेशन मंदसौर व अभिव्यक्ति ओपन माईक मंदसौर के कृष्णा परिहार, विद्या वडोतिया, हेमंत कच्छावा, सुरेश चौहान, सुरेश कचनारिया, कुशाल मालवीय, भरत सौलंकी, पूजा डांगी, यशवंत मालवीय, युवराज राठौर, अर्पित सेन, सार्थक संस्था से उर्मिलासिंह तोमर, चन्द्रकलासिंह भावसार, समाजसेवी मनीष भावसार, महेश दुबे, सुधांशु भावसार, रामलाल मालवीय, घनश्याम भावसार, हेमराज खाबिया, नरेश बाबानी, गोविन्दराम मालवीय, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, सुरेश चौहान, अमृत सौलंकी, अभिषेक तिवारी, एम्ब्रोज अल्टर, नितनेश बसेर, अनिलदास बैरागी, विजय आनंद, विनोद प्रजापत, उमेदसिंह बेस, कचनारा फ्लेग से हेमराज मकवाना, दलपतसिंह, मेनपुरिया गांव से गगन माली, बबलू माली, साबाखेड़ा गांव से राकेश पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार, महिला नेत्री रफ्त पयामी, सोनाली जैन, कौशल्या त्रिवेदी, प्रमिला पंवार, अनिता भदौरिया, गीताली पोरवाल, मिताली पोरवाल, वर्षा डोसरिया, मीना चौहान, रानू प्रजापत, कांग्रेसजन राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरुण खिंची, राजनारायण लाड, सुरेश खचनारिया, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, राजेश फरक्या, संजय नाहर, सादीक गोरी, आमिन खान, क्वरमल जटिया, अशोक राव, अजय सोनी, रमेश सिंगार, रमेश ब्रिजवानी, कमलेश नामदेव, शैलेन्द्र गोस्वामी, राकेश सेन, मिथुन कटारिया, घनश्याम लुहार, महेश गुप्ता, साबिर इलेक्ट्रीशियन, शिवशंकर सौलंकी, डॉ. सोहनलाल धाकड, अकरम खान, ओमप्रकाश सूर्यवंशी मांडवी, हिम्मत पोखरना सहित बडी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए।

## रंगदारी कर मांगी हफ्ता वसूली, चार पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** रंगदारी कर हफ्ता वसूली करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। बसेडी भाटी (जावद) निवासी दिनेश पिता भुवानीराम बंजारा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई मैं साथी कुलदीपसिंह भदोरिया, शंकर मीणा व आनंद मीणा के साथ बीएल नागदा कंपनी में कार्य करता हूं। हम चारों नारायणगढ में किराए से रहकर नारायणगढ से हरसोल मार्ग पर कार्य कर रहे है। रात्रि में नारायणगढ निवासी राजेश भास्कर, आकाश ग्वाला, दीपक माली व ललित ग्वाला आए और बोले कि हम यहां के दादा है, यहां हमारी रंगदारी चलती है, यदि नारायणगढ में काम करना है तो 5000 रुपए हफ्ता देना पड़ेगा। चारों ने गाली-गलौज कर डंडे से मारपीट की, जिससे हमें चोंट आई। पुलिस ने चारों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# जल संरक्षण के प्रयास को आंदोलन बनाए-पटेल

## कैबिनेट मंत्री पंच-सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए



**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, श्री राजेश दीक्षित, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनु प्रिय विनीत यादव, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, सीतामऊ मल्हारगढ, गरोठ, भानपुरा जनपद अध्यक्ष, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच प्रशासनिक अधिकारियों में प्रभारी कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अन्य सभी अधिकारी, पत्रकार उपस्थित थे।

**स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों को दिया प्रशस्ति पत्र**- कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा सरपंच गांधीसागर, संधारा, बूढ़ा एवं दीपाखेड़ा को स्वच्छ भारत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल संरक्षण के जो प्रयास किए जा रहे हैं। उसको आंदोलन बनाएं। पुरानी जल स्रोत को ठीक करें, बारिश के बाद बोरी बंधान करें। छोटी नदियां अगर बारहमासी होगी तभी, बड़ी नदी बारहमासी होगी। इस बात का विशेष ध्यान रखें। अगर नदियों के उद्गम स्रोत खत्म हो जाएंगे तो नदी की कल्पना नहीं कर सकते हैं। जल संरक्षण के लिए जमीनी प्रयास करने होंगे। पौधे के अलावा और कोई विशेष प्रयास नहीं है, जिससे जल को संरक्षित किया जा सके। अधिक से अधिक पौधे लगाएं। पौधे लगाने की बाद पौधे जिंदा रहे, इस बात का विषय तौर पर ध्यान रखें। आने वाले 3 सालों में हर जिले में पंचायत भवन बनाए जाएंगे। जिन भवनों को डिस्मेंटल करना है उसके लिए भी कार्य चल रहा है। ग्राम पंचायत भवन भी तीन मंजिला भवन बनेंगे। उसमें सब इंजीनियर ऑफिस भी बनेगा। ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर बने, स्वावलंबी बने। टेक्स कलेक्शन पर विचार करें। पंचायत को आने वाले 3 सालों में पैसे की कोई कमी नहीं होगी, विकास के जितने काम हो उतने करें। पंच सरपंच हम सभी एक परिवार के लोग हैं। सभी मिलकर अच्छा काम करें, तभी प्रदेश को हम विकास में आगे बढा सकते हैं। सभी बेहतर तरीके से आगे बढे और काम करें।

## एडीएम ने किया तहसील कार्यालय मनासा का निरीक्षण

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टार श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा गुरूवार को तहसील कार्यालय मनासा का निरीक्षण किया। उन्होपने न्यायालय तहसीलदार मनासा एवं न्यायालय नायब तहसीलदार मनासा में प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा की। न्यायालय तहसील मनासा में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्देशित किया, कि वर्षाकाल आ रहा है एवं समय कम होने के कारण दल गठित कर समय सीमा में सीमांकन प्रकरणों का शतप्रतिशत निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए, कि सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रतिदिवस की कार्य योजना बनाकर गठित दल को दैनिक लक्ष्य दें, प्रकरण सुनवाई कर निराकरण करें। आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा में लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने बटवारा प्रकरणों में पटवारियों को तत्काल बटवारा फर्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शासन की विभिन्न महती योजनाओं ईकेवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री आदि के कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश भी दिए गए।



## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहता द्वारा किया जिला जैल का निरीक्षण

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक 22/05/225 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहताद्वारा जिला जेल मंदसौर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों को उपलब्ध विधिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की वस्तुस्थिति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान न्यायाधीश महोदय ने विभिन्न बैरकों, रसोईघर, चिकित्सा कक्ष तथा महिला बंदी प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में जागरूक किया। निरीक्षण के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा जेल प्रशासन को यह निर्देश दिए गए कि विचाराधीन बंदियों को प्राथमिकता के आधार पर विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा प्रत्येक पात्र बंदी तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाएं बिना विलंब के पहुंचनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उप जेल अधीक्षक श्री राजेश विश्वकर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती अपर्णा लोधी उपस्थित रहे।

## वार्ड क्रमांक 9 में चलाया नालों की सफाई अभियान

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जमनालाल पाटीदार के मार्गदर्शन एवं वार्ड पार्षद हरगोविंद दीवान की पहल पर वार्ड क्रमांक 9 ग्वालटोली में बरसात के पूर्व नालो की सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया।इसी क्रम में गुरुवार को नगर पालिका परिषद के स्वास्थ सभापति धर्मेश पुरोहित एवं वार्ड पार्षद हरगोविंद दीवान, स्वच्छता पर्यवेक्षक अविनाश घेंघट,वार्ड दरोगा निर्मल गोडाल की उपस्थिति में सफाई कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर गाड़ी लोहार बस्ती नई आबादी में काम किया गया। इस अवसर पर लोहार बस्ती के मध्य दोनों नाल जो बरसों से जाम पड़े थे उनको गेंद द्वारा खोला गया जिससे बरसात के दिनों में बस्ती के मध्य एवं आंगनबाड़ी क्षेत्र में पानी नहीं भरेगा लंबे समय से इन नालों को बनाए जाने की मांग की जा रही थी वार्ड पार्षद हरगोविंद दीवान ने लोहार बस्ती में दो नाल बनवाकर उक्त समस्या से क्षेत्र को मुक्त कराया एवं आज नगर पालिका परिषद की पूरी गैंग को बुलाकर साफ सफाई अभियान चलाया गया इस अवसर पर नगरपालिका से भारत भारद्वाज गोपाल नरवले,दीपक गोहर सहित कर्मचारी मौजूद थे।

# दुग्ध उत्पादक, पशुपालकों के केसीसी बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें-चंद्रा



**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के पशुपालकों के के.सी.सी बनाने के लिए पशुपालन विभाग सभी 40 एवीएफओ को लक्ष्य आवंटित कर, केसीसी बनवाना सुनिश्चित करें। इस वर्ष लगभग 55 हजार पशुपालकों के केसीसी बनाने का लक्ष्य तय कर, उसे पूरा करने का कार्य अभी से प्रारंभ कर दें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में एपीसी से संबद्ध सभी विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, दुग्ध संघ सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने दुग्धम संघ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में दुग्धे उत्पादन बढ़ाने के लिए एक-एक समिति को आदर्श समिति बनाएं। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी आत्मा, उपसंचालक पशुपालन, दुग्धत संघ, सहाकारिता सहित कुल पांच अधिकारियों को जिले की एक-एक दुग्धच समितियों, कुल पांच समितियों को दुग्ध उत्पादन, संग्रहण के आधार पर आदर्श, दुग्धे समिति बनाने पर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने दुग्धे संघ के मार्केटिंग अधिकारी को सांची के नवीन दुग्ध पार्लर स्थापना के लिए स्थान चिन्हित कर पार्लर स्थाशपित करवाने और स्मार्ट पार्लर स्थापित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूर्व से संचालित सांची दुग्ध् पार्लरों पर सांची के उत्पादों की बिक्री नहीं करने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को पशु चिकित्सा चलित वाहन का अधिकतम उपयोग प्रतिदिन पशु उपचार कार्यों में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी,मत्स्य, कृषि पशुपालन विभाग की विभागीय योजनाओं में चालू वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य तय कर, प्रस्ताव शासन को भिजवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कृषि, सहकारिता, उद्यान, पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की भी विभागवार समीक्षा की गई।

## कार से शराब जप्त

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने कार से अवैध शराब जब्त की। नारायणगढ पुलिस ने हरसोल रोड़ पुलिया के पास कार (एमपी 44 सीए 1087) को रोका, तलाशी के दौरान 48 क्वार्टर व 6 डिब्बे बीयर के बरामद हुए। मामले में खानूखेड़ा (नाहरगढ) निवासी रंजीतसिंह पिता कालूसिंह सौंधिया के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## भाई ने भाई को पीटा

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** भैंस का रस्सा काटने पर भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। खूटी निवासी भेरुलाल पिता नारुलाल भील ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सुबह बड़ा भाई मांगीलाल आया और बोला कि तूने मेरी भैंसा का रस्सा क्यों काटा। मैंने मना कर दिया तो गाली-गलौज की व पत्थर से मारी, जिससे सीने, पसली व सिर पर चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।



## प्रेम प्रकाश ग्रन्थ के पाठों की हुई स्थापना

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य सतुगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज द्वारा स्थापित सिन्धी हिन्दू समाज की प्रमुख धर्म पिंठ श्री प्रेम प्रकाश पंथ कि स्थानीय शाखा श्री प्रेम प्रकाश आश्रम मे 21मई को दादी पुष्पा पमनानी ने सत्संग, प्रवचनो व भजनो की अमृत मयी वर्खा के साथ श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रन्थ के पाठों कि स्थापना मंगलाचण दोहे के साथ स्थापना करते हुए टेऊँराम महाराज कि महिमा के भजनों से आप संगत को भक्तिभाव में मंत्र मुग्ध कर दिया। इस आशय कि जानकारी सेवा मण्डली के प्रमुख पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बतलाया कि आज चालिसा महोत्सव कि संगत में अपार उत्साह व उमंग देखने को मिली। पुष्पा पमनानी, चन्दा मुलचंदानी,जय श्री कोटवानी, मंजु कोठारी, दिव्या शिवानी, हीना बालानी, सपना पमनानी, गायत्री लालवानी, डिम्पल बिजलानी, रितिका चन्दानी, चंचल फतनानी, मीरा आसवानी, शनईया भावनानी, हरी मनवानी, आदि महिलाओ ने ड्रेस कोड का पालन करते हुए अत्यंत सुंदर थाली सजाकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री स्वामी टेऊँराम जी महाराज की महा आरती सम्पन्न की। संत श्री शम्भू लालजी ने ब्यावर आश्रम से विडियो काल के माध्यम से पल्लव पाकर चालिसा महोत्सव कि शुरुआत कि तत्पश्चात आप संगत गुरु कि प्रसादी भण्डारा पाकर धन्य हुई, आभार प्रदर्शन चन्दा मुलचंदानी एवं जय श्री कोटवानी ने प्रकट किया।

# नई दिल्ली के लिए ट्रेनों को जोड़ने व इंदौर-बीकानेर का पिपलिया में स्टापेज करने की मांग, राठौड़ ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को सौंपा मांग पत्र

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** कोरोना काल के दौरान बंद की गई मंदसौर-मेरठ एक्सप्रेस ट्रेन की जगह ट्रेन संख्या 19815/16 और 20451/52 को जोड़कर मंदसौर नई दिल्ली एक्सप्रेस के रूप में नई रेल सेवा प्रारंभ कर पिपलिया स्टेशन में ठहराव करने व वर्तमान में चल रही इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन का भी पिपलिया स्टेशन पर स्टापेज करने की मांग भाजयुमो प्रदेश सदस्य संदीपसिंह राठौड (पिपलियामंडी) ने की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से नई दिल्ली में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। इस आशय का पत्र राठौड़ ने केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, मप्र के डिप्टी सीएम जगदीश देवडा व सांसद सुधीर गुप्ता को भी लिखा। जिसमें राठौड़ ने बताया उक्त ट्रेन पहले चलती थी, जिसे बंद कर दिया गया था, जिससे यात्रियों को नई दिल्ली, हरिद्वार जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राठौड़ ने बताया कि मंदसौर अष्टमुखी पशुपतिनाथ की पावन भूमि हैं, साथ ही पशुपतिनाथ लोक भी निर्माणधीन हैं। इसी को ध्यान रखते हुए मंदसौर से कोटा, मथुरा होते हुए नई दिल्ली, हरिद्वार की रेल सुविधा आवश्यक है। मेरठ एक्सप्रेस को बंद करने के एवज में कोई नई ट्रेन चालू नही की गई है। वर्तमान में मंदसौर से कोटा चल रही 19815/16 को कोटा से नई दिल्ली चल रही 20451/52 से जोडा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सीधी दिल्ली तक ट्रेन मिल सके। इसके साथ ही राठौड़ ने इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन (19333/34) का भी पिपलिया स्टेशन पर ठहराव किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को खाटूश्याम, सालासर बालाजी आदि तीर्थ स्थानों पर जाने के लिए सीधी रेल सेवा मिल सके।



## श्री सांवलिया सेठ मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के तहत 7 दिनी कार्यक्रम शुरु

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** बरखेड़ापंथ स्थित श्री राधेकृष्ण गौशाला में नवनिर्मित मंदिर में श्री सांवलिया सेठ मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा, कलश व ध्वजा स्थापना के तहत सात दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गुरुवार को गुड़भेली बड़ी बालाजी मंदिर से पिपलियामंडी होते हुए रथयात्रा (वाहन रैली) पिपलिया चौपाटी होकर बरखेड़ापंथ सांवलिया सेठ मंदिर पहुंची। सनातन धर्म सेवा समिति के अनुसार 23 मई को प्रात: 7 बजे बरखेड़ापंथ बालाजी मंदिर से कलशयात्रा शुरु होगी। जो गांव में भ्रमण कर यज्ञ स्थल सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचेगी। 24 मई को हेमाद्रि स्नान, श्री गणेश पूजन, मण्डप प्रवेश, अग्नि स्थापना, प्रतिमा का जलाधिवास होगा। 25 मई को यज्ञ विधि व अन्नधिवास, 26 को यज्ञ पत्र, पुष्प, फलाधिवास, 27 को यज्ञ विधि, मिष्ठानाधिवास, देवस्नपन, शय्याधिवास एवं 285 को यज्ञ विधि, सांवलियाजी की प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति व महाप्रसादी होगी, यज्ञाचार्य देवेन्द्र शर्मा (धारियाखेड़ी) रहेंगे। कार्यक्रम में प्राण-प्रतिष्ठा, कलश, ध्वज की बोली भी लगाई जाएगी। 25 से 27 मई तक गौकथा का आयोजन दोपहर 3 बजे से होगा। जिसमें पंडित मंगलेश शर्मा रहेंगे।

## अवकाश सूचना

दैनिक गुरु एक्सप्रेस का दिनांक 22 मई बुधवार को अंक अपरिहार्य कारणों से प्रकाशित नहीं हो सका, इसका हमें खेद है।

*सम्पादक

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 21 | 2025 | 2210 |
| उड्द | 20 | 2500 | 6300 |
| सोयाबीन | 4544 | 3400 | 4300 |
| गैहु | 10747 | 2351 | 2887 |
| चना | 454 | 5000 | 5609 |
| मसुर | 177 | 5700 | 6317 |
| धनिया | 176 | 5500 | 7100 |
| लहसुन | 16500 | 3000 | 9215 |
| मैथी | 979 | 3400 | 5160 |
| मुंगफली | 822 | 4000 | 5251 |
| अलसी | 1411 | 6501 | 7221 |
| सरसो | 311 | 5660 | 6150 |
| तारामीरा | 7 | 5240 | 5357 |
| इसबगोल | 78 | 7400 | 10600 |
| प्याज | 1616 | 200 | 750 |
| क्लोंजी | 45 | 19301 | 21000 |
| तुलसी बीज | 1 | 13590 | 13590 |
| डॉलर | 97 | 6510 | 8150 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 6 | 1900 | 3000 |
| असालीया | 90 | 6460 | 6772 |
| चियाबीज | 83 | 11421 | 14452 |

# मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 रहेगी मतदाताओं की संख्या, उंची इमारतों/कॉलोनियों में बनाए जाएंगे अतिरिक्त मतदान केंद्र

## चुनावी प्रक्रिया सहित अन्य प्रक्रियाओं को सरल व सुलभ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 18 नई पहल

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुडी प्रक्रियाओं को सरल व सुविधा जनक बनाने के लिए 18 नई पहल शुरू की गई है। आयोग द्वारा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक सीमित कर दी गई है। उंची इमारतों/कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची अद्यतनीकरण के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा। सत्यापन के बाद इसे अद्यतन किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्चियों को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सीईओ/डीईओ/ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई। 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गई। इसमें (सीईओ-40/डीईओएस-800/ईआरओएस-3879) और 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों आप/भाजपा/बसपा/माकपा/एनपीपी के प्रमुखों के साथ चुनाव आयोग ने बैठकें की। आईआईआईडीईएम (बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी) में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम किया गया। सभी हितधारकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए नए एकीकृत डैशबोर्ड की शुरूआत की गई। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर के मुद्दे का समाधान किया गया। अद्वितीय ईपीआईसी नंबर के लिए नई व्यवस्था लागू की गई। मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की पूरी प्रक्रिया में 28 हितधारकों की पहचान की गई, जिनमें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल, उम्मीदवार और अन्य शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक हितधारक के लिए आयोग के अधिनियमों, नियमों और निर्देशों के आधार पर प्रशिक्षण प्रस्तुतियाँ तैयार की जा रही हैं। बीएलओ से मानक फोटो पहचान पत्र प्राप्त किया जाएगा। आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 3000 से अधिक बूथ स्तरीय पर्यवेक्षकों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। अगले कुछ वर्षों में 1 लाख से अधिक बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आईआईआईडीईएम में सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ कार्यालयों के एसएमएनओएस और एमएनओ के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआईआई डीईएम में बिहार के पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बायोमेट्रिक उपस्थिति का कार्यान्वयन किया गया। ई-ऑफिस का संचालन और क्रियान्वयन के साथ ही सीईओ के साथ नियमित बैठकें की जा रही है।


# कार्यालय नगर परिषद भानपुरा जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक/444/न.प./2025 भानपुरा दिनांक -22.05.2025

## भवन/भूमि स्वामियो का नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -नगर पालिका अधिनियम 1968 की धारा 150-151 के अंतर्गत इस कार्यालय मे निम्नानुसार आवेदन/ आवेदकगणो द्वारा नगर परिषद रिकार्ड में दर्ज निम्नानुसार आधारों पर गृह स्वामियो ने अपने नाम के सम्मुख दर्षित माध्यम अनुसार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन (प्रकरण) प्रस्तुत किया है। परिवर्तन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के उपरांत आवेदन/आवेदकगणो का नाम रजिस्टर हाउस में संबंधित गृह क्रमांक पर अंकित किया जावेगा और आपकी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्रं. | प्र.क्रं. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरितती का नाम | हस्तांतरित की जाने वाली सम्पत्ति | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 56 | नंदूबाई पति खेमराज | खेमराज पिता छोगलाल, मंजू, ममता सांवलिया दीपक पिता खेमराज | भवन क्रमांक 45, तिजोरी कालोनी, वार्ड 01 | वंशानुक्रम |
| 2 | 57 | तरनजी कोर पति दलवीरसिंह सिक्ख | शंकरलाल पिता मोहनलाल | भूमि सर्वे क्रं. 1204 पैकि रकबा 0.008 याने 825 वर्गफीट भंडारी कालोनी, वार्ड क्रं. 15 | विक्रय पत्र/डायवर्जन |
| 3 | 58 | भगवतीलाल पिता मोजीलाल जैन | अनिता पति महेशकुमार | भवन क्रमांक 449/02 भैसासरी माता वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 4 | 59 | धुरीलाल पिता नानुराम नाई | चंद्रभान पिता धुरीलाल, आकाश पति अजय अरविंद पिता चांदमल, रवि पिता गोपाल कृष्ण, रामकन्याबाई पति राधेश्याम | भवन क्रमांक 1276 राबडबड़ गली, वार्ड 10 | वंशानुक्रम |
| 5 | 60 | स्वयं की कृषि भूमि | श्यामकुंवर पति राजेन्द्रसिंह, ज्योति पति शिवराजसिंह | भूमि सर्वे क्रं.79/5/1/1 रकबा 0.058 हे. याने 510 वर्गफीट चेनपुरिया रोड वार्ड क्रं. 01 | शपथ पत्र, डायवर्जन |
| 6 | 61 | सुनील कुमार पिता सोहनलाल | सीताराम पिता औंकारसिंह गौड़ | भूमि सर्वे क्रं. 556/3/1/1 पेकि रकबा 0.017 हे. याने 1800 वर्गफीट कंवला रोड वार्ड 01 | विक्रय पत्र/डायवर्जन |
| 7 | 2 | यशवंतकुमार चंदेल पिता देवीलाल जी चंदेल | अनिलकुमार चंदेल पिता देवीलालजी चंदेल | बस स्टेण्ड राजीव गांधी शापिंग काम्पलेक्स ब्लॉक नं. 03 दुकान नं. 13 | दुकान हक अंतरण लेख |
| 8 | 3 | जगदीश भूटानी पिता राजेन्द्रजी भूटानी | हंसा भंडारी पति अनिलकुमार भंडारी | शताब्दी मार्केट | दुकान हक अंतरण लेख |
| 9 | 4 | श्री गौरवकुमार दुर्गाप्रसादजी चंदेल | श्रीमती सुमन चंदेल यशवंतकुमार चंदेल | शताब्दी मार्केट | दुकान हक अंतरण लेख |
| 10 | 62 | प्रीति सोनी धर्मेन्द्रकुमार सोनी | श्रीमती सुनीता मान संजयजी मान | भवन क्रं.820/01, 820/2 पंजाबी कालोनी, वार्ड 02 | विक्रय पत्र/डायवर्जन |

विनोद शिव भानपिया, अध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा
रेहाना डॉ. जाकिर, उपाध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा
मकसूद अंसारी, प्रभारी राजस्व, नगर परिषद भानपुरा
जितेन्द्रसिंह राणा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद भानपुरा



# जहां उद्‌गम होगा, वहां ऊर्जा का स्त्रोत होगा-कैबिनेट मंत्री

## कैबिनेट मंत्री पटेल ने तुम्बड़ नदी के उद्‌गम स्थल का पूजन किया

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मंदसौर जिले के निपानिया ग्राम में तुम्बड़ नदी के उदगम स्थल का विधिवत पूजन किया।

विधिवत हवन किया, पूजा अर्चना की एवं हवन में मंत्रोचार के साथ आहुति प्रदान की। इस दौरान लोक सभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, श्री राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा भी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जहां उद्गम होगा वहां ऊर्जा का स्रोत होगा। मध्य प्रदेश को नदियों का मायका कहा गया है, नदियों के उद्गम स्थल को पवित्र बनाएं, उसकी सफाई करें। इससे जल स्रोत चलने लगेंगे। जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना होगा। पानी का आधार पौधा होता है, इसलिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें, वृक्ष लगाए। छोटी नदियां अगर बारहमासी रहेगी, तो बड़ी नदियां स्वत: चलेगी। तुम्बड़ नदी ग्राम निपानिया अफजलपुर, कटक्या एवं हतुनिया तीनो ग्रामो की सीमा पर स्थित है। पुर्वजो से प्राप्त जानकारी अनुसार एक संत तीनो ग्राम की सीमा पर कुटीर बनाकर रहते थे। एक शीला पर स्नान करते थे। शीला बहुत लम्बी थी। संत के पास तुंबी (कमण्डल) थी। उक्त तुंबी (कमण्डल) किसी कारण से गिर गई जिसका पानी स्थल पर गिर गया। संत ने उक्त स्थल पर थोड़ा गड्ढा खोदकर स्नान किया। उस तुंबी (कमण्डल) से गिरे पानी ने अपना रास्ता उक्त स्थल से बना लिया जिस कारण उक्त नदी का नाम तुम्बड़ नदी पड़ गया। विगत 10 वर्षों से यहा पानी रहना बंद हो गया है। यह नदी उक्त तीनो ग्रामो की सीमा से होकर ग्राम सींखेड़ी, झिरकन, मारूखेड़ी महादेव, अफजलपुर, ईशाकपुर, रूपावली, लोध, सुरी व सुठी के बीच शक्करखेड़ी से पाड़लिया मारू होकर कुल 35 किमी की दूरी तय करते हुए शिवना नदी में जाकर समाहित हो जाती है।

**कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की**–पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना कर जिले वासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात तपेश्वर महादेव एवं सहस्त्र शिवलिंग मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्री राजेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# दो दिन बाद नौतपा में क्या करें और क्या न करें: जानिए भीषण गर्मी से बचाव के उपाय

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** हर साल जब सूर्य देवता रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब धरती पर नौतपा की शुरुआत होती है। यह समय अत्यधिक



गर्मी और तेज लू का संकेत देता है। इस बार सूर्य 25 मई को सुबह 3:15 बजे रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 8 जून दोपहर 1:04 बजे तक यहीं रहेंगे। इस दौरान 9 दिनों तक तापमान अपने चरम पर रहेगा और यह नौतपा कहलाता है। इस काल में वातावरण में गर्मी इतनी बढ जाती है कि धरती मानो तपने लगती है। ऐसे में कुछ सावधानियां और उपाय अपनाकर इस भीषण गर्मी से राहत पाई जा सकती है। आइए जानते हैं नौतपा में क्या करें और क्या नहीं करना चाहिए-

✻ **नौतपा में क्या करें?–✻ पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं**–गर्मी के दिनों में शरीर से बहुत पसीना निकलता है जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसलिए दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं।

✻ **ठंडी चीजों का सेवन करें**– दही, छाछ, लस्सी, फलों का रस और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थ शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं। यह न केवल शरीर का तापमान नियंत्रित करते हैं बल्कि ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।

✻ **हल्का और सूती कपड़ा पहनें**–इस दौरान हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहनना बेहतर होता है। यह कपड़े शरीर को सांस लेने की जगह देते हैं और गर्मी से बचाते हैं।

✻ **दोपहर में बाहर निकलने से बचें**– दिन के 11 बजे से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इस समय सूर्य की किरणें सबसे तीव्र होती हैं।

✻ **मेहंदी लगाएं**–परंपरानुसार महिलाएं इस दौरान हाथ-पैरों में मेहंदी लगाती हैं क्योंकि मेहंदी की तासीर ठंडी होती है और यह शरीर को गर्मी से राहत देती है।

✻ **हरी सब्जियां और मौसमी फल खाएं**–लौकी, करेला, खीरा, तरबूज, खरबूजा जैसे फल और सब्जियां शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं।



नेमीचंद राठौर

✻ **नौतपा में क्या न करें?–✻ तले-भुने और मसालेदार भोजन से परहेज करें**–तले-भुने और अत्यधिक मसालेदार खाने से शरीर में गर्मी और एसिडिटी बढ़ती है, जिससे स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है।

✻ **कोल्ड ड्रिंक और बर्फ वाला पानी न पिएं**–अधिक ठंडे पेय पदार्थ शरीर की प्राकृतिक गर्मी और ठंडक के संतुलन को बिगाड़ सकते हैं, जिससे सर्दी या गला खराब हो सकता है।

✻ **शरीर को ज्यादा देर तक धूप में न रखें**–सूरज की सीधी किरणों में ज्यादा देर रहना सिरदर्द, चक्कर और हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है।

✻ **अत्यधिक परिश्रम से बचें**–इस दौरान शरीर पर अतिरिक्त भार डालना नुकसानदायक हो सकता है। जितना हो सके आराम करें और धूप में शारीरिक श्रम न करें।

✻ **बासी भोजन न खाएं**–गर्मी में खाना जल्दी खराब हो जाता है। बासी या खुले में रखा हुआ भोजन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। ✻ नौतपा का समय जितना गर्म होता है, उतना ही सतर्कता से इसे बिताना जरूरी होता है। अगर आप उपयुक्त आहार लें, पर्याप्त जल सेवन करें और शरीर को धूप से बचाएं तो यह समय सहजता से निकाला जा सकता है। मौसम को देखते हुए हमारी छोटी-छोटी सावधानियां ही बड़े संकट से बचा सकती हैं।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई...

# 550 किलो महुआ लहान एवं 12 लीटर अवैध मदिरा जप्त

**नीमच, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** आबकारी विभाग द्वारा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी एल सिंगाडा के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक संजय कुमार कवारे, पंकज राठौर व दीपक आंजना एवं पुलिस बल ने अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण-परिवहन करने वालों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरुवार को ग्राम बोरदिया कला, केनपुरिया, किशनपुरिया मांगरोल चक आदि गांवों में तालाब नदी नालों के किनारे संगठन तलाशी अभियान चलाकर लगभग 12 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी देशी मदिरा एवं 550 किलो महुआ लहान जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 3 प्रकरण दर्ज किये गये है। जप्त मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 50 हजार रुपये है। इस संयुक्त कार्यवाही में पुलिस बल के साथ आबकारी विभाग के



आबकारी आरक्षक सर्वश्री विलास दगिया, एवं बलवंत भाटी का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी श्री एन पी सिंह ने बताया कि अवैध शराब निर्माण परिवहन एवं विक्रय पर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# कुत्तों के हमले से घायल बंदर की मौत

## शवयात्रा निकाली, हिंदू रीति-रिवाज से किया अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांव बरखेड़ा डांगी में कुत्तों के हमले से घायल एक बंदर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से किया।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को कुत्तों के हमले से बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल सरपंच दिनेश डांगी को दी। जिसके बाद सरपंच मौके पर पहुंचे और घायल बंदर का इलाज करवाया। हालांकि उपचार के दौरान बंदर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद सरपंच ने पुलिस को सूचित किया, मृत बंदर की शवयात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए तो सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया गया।

## संयुक्त उठावना

हमारी भाभीजी एवं जितेंद्र(जीतू),प्रदीप,पिंकेश, विशाल एवं हर्ष की ताईजी एवं नरेंद्र, विरेंद्र (बिल्लू), सुरेंद्र (गोपी) की मम्मी हर्षित, विनय एवं डिंपी की दादीजी एवं अदव्य् की पड़दादीजी एवं स्व. कालीचरणजी स्व.राजेंद्र प्रसादजी गर्ग नसीराबाद वालों की बहन एवं राकेश, अनिल, आनंद, कृष्ण कुमार, सुनील, सुरेश चंद्र व अशोक की बुआ जी पूजनीय श्रीमती माया देवी धर्मपत्नी स्व.श्री भंवरलालजी अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक 21/05/25 बुधवार को हो गया था। उनका संयुक्त उठावना संजय गांधी उद्यान रोड नंबर 1 नई आबादी मंदसौर पर दिनांक 23 /05/ 25 शुक्रवार को प्रात: 11:00 रखा गया है। शोक बैठक प्रतिदिन रात्रि 8:00 से 9:00 तक निज निवास स्थान पर रहेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**राजेंद्र कुमार, यशवंत कुमार, चंद्रभान बालकृष्ण, विमल, संजय अग्रवाल एवं गोयल परिवार**
**मंदसौर कालीचरण राजेंद्र प्रसाद गर्ग एवं बीड़ी वाला परिवार**
**नसीराबाद**

# 300 वर्ष पूर्व सुशासन को धरातल पर उतारा है देवी अहिल्याबाई होल्कर ने-गुर्जर

## भाजपा कार्यालय पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधि सम्मेलन सम्पन्न

**मंदसौर, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद एंव किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर और सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, कार्यक्रम जिला संयोजक एंव भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, कार्यक्रम जिला सह संयोजक एंव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता मंचस्थ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी, देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथि गणों का स्वागत कार्यक्रम जिला टोली एंव जनप्रतिनिधिगणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रानी अहिल्याबाई होल्कर के सामाजिक योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन उपस्थित जनप्रतिनिधि गणों द्वारा किया गया।




जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एंव किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा की देवी अहिल्या बाई बचपन से ही शिव भक्त थी, मां नर्मदा के तट पर नियमित पूजा, यज्ञ और सत्संग का हमेशा आयोजन किया। जिस प्रकार पूज्य शंकराचार्य जी ने चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन संस्कृति को पुर्नस्थापित किया, ठीक उसी प्रकार मां अहिल्या ने पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक हमारे खंडित मान बिन्दुओं का जीर्णोद्धार कर पुर्नस्थापना की। उन्होनें 4 धाम, 12 ज्योर्तिलिंग, 7 पुरी का निर्माण व जीर्णोद्धार लगभग 16 करोड़ की अपनी निजी संपत्ति से करवाया जिसका मुल्य आज 300 साल के बाद लगभग 5 लाख करोड़ से भी अधिक है। उन्होंने कुशावर्त घाट बनवाया। अयोध्या का राम मंदिर, रामेश्वर, काशी विश्वनाथ सहित देशभर में 3 हजार से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम कर भारत को सजाने व संवारने का कार्य किया। आज हम मा. मोदी जी के नेतृत्व में पुन: सांस्कृतिक उत्थान देख रहे है जैसे-काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या बाबा महाकाल लोक हो या मंदसौर का भगवान पशुपतिनाथ लोक। मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चार धाम सर्किट जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प हुआ है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठ के साथ भारत की सांस्कृतिक आत्मा को नव गौरव प्राप्त हुआ है।

श्री गुर्जर ने आगे कहा की मां अहिल्या ने समाज को महिला सशक्तिकरण के रूप में दहेज विरोधी कानून, शिक्षा का अधिकारी, युद्ध कौशल में दक्षता, विधवा पुर्नविवाह और गोद लेने जैसे अधिकार प्रदान किये है। समानता का ढिंढौरा पीटने वाले पश्चिम देशों में तो महिलाओं को वोट देने का अधिकार भी आंदोलन के बाद मिला। न्यूजीलैंड में 1893, ईटली में 1945, कनाड़ा में 1917, जर्मनी में 1918, इंग्लैंड में 1918 में सिर्फ 30 महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला था, इसी तरह ऑस्ट्रिया व नीदरलैंड में 1919 तथा अमेरिका में 1920 में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। लेकिन भारतवर्ष में इसके लिए महिलाओं को संघर्ष नहीं करना पड़ा। हमारे संविधान में ही इसका प्रावधान है। आज मा. प्रधानमंत्री जी ने मॉ अहिल्याबाई द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलते हुए एन.डी.ए. में महिला अधिकारियों के शौर्य को देश ही नही विदेश के सामने भी प्रकट किया है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय भी मॉ अहिल्याबाई के जीवन को समर्पित है। एक जनप्रतिनिधि और शासक के रूप में माँ अहिल्याबाई ने अच्छे कार्यों की श्रेय ईश्वर को समर्पित किया। वही त्रुटि होने पर उसकी जिम्मेदारी स्वयं ली। मेरा इस अवसर पर उपस्थित आप सभी जनप्रतिनिधिगणों से आग्रह की एक सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में अच्छे कार्यों की श्रेय ईश्वर की कृपा को दे और यदि गलती हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी खुद लेकर आगे के लिये सबक ले।

जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की जिला भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती को जिले के सभी मंडलों और नगरीय निकायों में भव्यतम रूप से मनाने के लिये विस्तृत कार्ययोजना के तहत 15 सदस्यीय टोली का गठन किया गया है। टोली के सभी सदस्य मंडल अध्यक्ष गण और आप सभी जनप्रतिनिधिगणों से संपर्क कर अपने-अपने क्षेत्र में माँ अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक कार्यक्रमों को सम्पन्न करेगें। हमारी यह श्रृंखला लगातार 31 मई तक चलेगी। कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, पर्यावरण, रंगोली सहित कई प्रतियोगिता का संपादन भी करना होगा। श्री दीक्षित ने कहा की हमें देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन करने की शैली को समझकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर करते रहने होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है की आप सभी जनप्रतिनिधिगणों की सक्रीयता से हम अपने जिले मंदसौर में इस जयंति को ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न करेगें। जनप्रतिनिधि सम्मेलन का संचालन कार्यक्रम जिला सह संयोजक एंव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने किया एंव आभार कार्यक्रम टोली सदस्य राधा सोनी ने माना। कार्यक्रम में नगरपालिका नगरीय निकाय के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद गण, जिला पंचायत सदस्य गण, जनपद पंचायत सदस्य गण, सरपंच गण सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## मारपीट, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** सगाई तुड़वाने के लिए मोबाइल पर कॉल करने से मना किया तो मारपीट की। पिपलिया विशनिया निवासी सुनील पिता शम्भूलाल लौहार ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का मानूदास पिता परसराम बैरागी मेरी बेटी की सगाई तुड़वाने के लिए उसके ससुराल में मोबाइल पर कॉल कर रहा था। मैंने उसे एसा करने से मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने मोनू के खिलाफ केस दर्ज किया।

# जैविक खेती के लिए किसानों को किया जागरूक

**मनासा, 22 मई गुरु एक्सप्रेस।** विकासखंड के गांव नलखेड़ा में किसान जैविक खेती को लेकर जागरूक हो प्रशिक्षण दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम गुरूवार को गांव की श्रीचारभुजा नाथ धर्मशाला में आयोजित किया गया। इसमें परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत कृषि विभाग एवं बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जैविक खेती को लेकर बड़ी संख्या में उपस्थित किसान किसानो को इस योजना एवं जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दोरान अधिकारीयों ने बताया कि अत्यधिक मात्रा में उर्वरक ओर रासायनिक पदार्थो के उपयोग से खेती की लागत बढ रही है। मिटटी की उर्वरा क्षमता व फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में सरकार जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। जैविक खेती में जैव कल्चर मिट्टी में उपस्थित पादप अवशेषों को विघटित करने में मदद करते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता और फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। इस योजना के अंतर्गत जैविक उत्पाद का प्रमाणीकरण भी करवाया जाएगा। इससे किसानों को उनकी जैविक उपज के उचित मूल्य का लाभ मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. कंपनी के रामप्रसाद धाकड, हरीश धाकड, कृषि विज्ञान केंद्र नीमच से वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी . एस.नरुका, डॉ एस.एस. सारंग देवोत, नलखेड़ा सरपंच प्रतिनिधि हरिशंकर मोड, निर्भयराम राठौड़, जैविक किसान हरिशंकर राठौड सहित बड़ी संख्या में जैविक किसान उपस्थित थे।


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक/क्यू/2025 मंदसौर दिनांक-13.05.2025

**विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लायसेंस क्रमांक एमपी 14 आर-2019-0107576 जो कि इस कार्यालय में ताज मोहम्मद पिता अब्दुल रहमान निवासी मंदसौर के नाम से है।**

**अत: उक्त लायसेंस में ताज मोहम्मद पिता अब्दुल रहमान निवासी मंदसौर का नाम सुधार करना है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस के भीतर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर लायसेंस में सुधार किया जावेगा।**

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एम आर 8834 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में भगवतीबाई पति मदनलाल सोनी निवासी 139, चौधरी कालोनी, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 27.06.2022 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनके पुत्र सुनीलकुमार वर्मा पिता मदनलाल सोनी, निवासी चौधरी कालोनी, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

# डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

**शनिवार दिनांक 24 मई को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 मई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**

## कार्यालय सम्पदा प्रबंधक
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर

### नामान्तरण –सूचना

**मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक एमआईजी.III-146 जो की श्रीमती गीता वर्मा पति स्व. श्री रामसिंह वर्मा को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.12.2005 को पंजीयन निष्पादित किया गया था। श्रीमती गीता बाई पति स्व. श्री रामसिंह वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 18.03.2020 को हो चूका है। इनकी मृत्यु हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री दिलीप सिंह पिता स्व. श्री रामसिंह चौहान विक्रय पत्र में नामजदगी एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम से करवाना चाहते है।**

**अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री दिलीप सिंह पिता स्व. श्री रामसिंह चौहान के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।**

**(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)**

## कार्यालय नगर परिषद सीतामऊ
## जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-496/2025 सीतामऊ, दिनांक-21.05.2025

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत तैयार हितग्राहियों की सूची के संबंध में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.) अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) अंतर्गत ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का भौतिक सर्वेक्षण/सत्यापन किये जाने उपरान्त प्राप्त 72 हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठालय में प्रेषित किये जाने हेतु पूर्व दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो 15 दिवस में प्रमाणित साक्ष्य सहित कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद सीतामऊ के सूचना पटल पर चस्पा की गई है जिसका अवलोकन कर निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सीतामऊ

## कार्यालय कमान अधिकारी
## 5 म.प्र.बटालियन एन सी सी, मन्दसौर

पता: पशुपतिनाथ रोड, चन्द्रपुरा, मन्दसौर (म.प्र.) पिन 458002
दूरभाष 07422- 298080

क्रमांक-5 म.प्र./368/क्यू दिनांक-19 मई 2025

### ✻✻✻ निविदा आमंत्रण ✻✻✻

**5 म प्र बटालियन एन सी सी मन्दसौर द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर क्रमश: सीएटीसी-69 दिनांक 26 मई 2025 से 04 मई 2025 एवं सीएटीसी-73 दिनांक 08 जून 2025 से 17 जून 2025 तक डाईट कालेज छात्रावास महु नीमच रोड मन्दसौर परिसर में आयोजित किया जाना है। प्रत्येक शिविर में लगभग 500 एनसीसी कैडेटस की उपस्थिति सभावित है।**

**उक्त शिविर में कैडेटस मेंसिंग पद में खाद्य सामग्री (मेसिंग आइटम्स) जैसे सूखा राशन (ड्राई राशन), ताजी सब्जियों, फल, दूध व दूध से बनी वस्तुएं कोयला, आर.ओ.पानी एवं अन्य शिविर व्यवस्थाओं हेतु आकस्मिक वस्तुओ (इंसीडेंटल आइटम्स) हेतु सामग्री क्रय किया जाना है। अत: इच्छुक जीएसटी पंजीकृत सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत की जाने वाली सामग्री/शर्तों हेतु निर्धारित सूचियों परिशिष्ट-अ ब एवं स कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से सायं 06 बजे तक भण्डार शाखा से प्राप्त की जा सकेगी। उपरोक्तानुसार निविदायें बंद लिफाफों में दिनांक 25 मई 2025 दोपहर 12.30 बजे क्रय समिति एवं निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।**

**स्थान-मन्दसौर**
**दिनांक: 19 मई 2025**

**(ज्योति प्रकाश)**
**कर्नल, कमान अधिकारी**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in